हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 21 जुलाई 2026

12 55 में से कॉलेजियम नंबर-1 पर नहीं मिला...



12 गांव पातन में तालाब और फिरनी पर कब्जे...



## खबर संक्षेप

### घर में चोरी के मामले में आरोपी दबोचा

**हिसार।** पीएलए पुलिस चौकी घर में चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करते हुए चोरीशुदा सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में पटेल नगर कैंप निवासी महिला नीलम ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार किसी ने उसके मकान से भारत कंपनी का गैस सिलेंडर एवं चार हजार की नकदी चोरी कर ली। पीएलए पुलिस चौकी में केस दर्ज करके सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वाल्मीकि मोहल्ला पटेल नगर निवासी प्रदीप उर्फ सकतु गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर चोरीशुदा सामान बरामद कर लिया गया।

### चोरी का आरोपी पकड़ा तीन बाइक भी बरामद

**हिसार।** शहर पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से तीन बाइक बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार गत दिवस धान्सू निवासी कश्मीर की शिकायत पर शहर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसकी मोटरसाइकिल नागोरी गेट के पास से किसी ने चोरी कर ली। मामले की जांच के दौरान थाना शहर के मुख्य सिपाही नवीन ने गांधी नगर रोड मंगाली निवासी विनोद कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर तीन चोरीशुदा मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में ले लिया। जांच एवं पूछताछ के दौरान आरोपी की वाहन चोरी की कुल पांच वारदातों में संलिप्तता सामने आई है। इन मामलों के संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### पुलिस ड्यूटी में बाधा डाली, दो गिरफ्तार

**हिसार।** बरवाला पुलिस ने पुलिस टीम पर हमला कर सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक अशोक ने कार्रवाई करते हुए कुंभा खेड़ा निवासी दो भाइयों कृष्ण व सुरेश गिरफ्तार किया। इस संबंध में दर्ज शिकायत के अनुसार पानीपत पुलिस टीम के उप निरीक्षक बहादुर सिंह अदालत के आदेशानुसार आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर बरामदगी के लिए गांव कुंभा खेड़ा पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ व्यक्तियों ने पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की कर सरकारी कार्य में बाधा डाली तथा आरोपी को छुड़ाने का प्रयास किया। इस संबंध में बरवाला थाना में केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच के दौरान आरोपियों कृष्ण एवं सुरेश की संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया।

### एक किलो 36 ग्राम गांजे समेत आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो 36 ग्राम गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी पीएसआई विकास ने बताया कि एएसआई पप्पू सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त, अपराध एवं नशाखोरी की रोकथाम के संबंध में मौजूद थे। इसी दौरान मिली सूचना के बाद पर पुलिस टीम ने एक आरोपी को काबू किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तेलियान पुल निवासी रजत उर्फ बुल्ली के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक किलो 36 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### एनआई एक्ट मामले में पीओ गिरफ्तार

**हिसार।** शहर पुलिस ने एसआई रामचंद्र के नेतृत्व में अदालत द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किए गए वार्ड तीन निवासी अंकुश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा 29 मई 2023 को एनआई एक्ट के मामले में लगातार न्यायालय में उपस्थित न होने पर उसे पीओ घोषित किया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## मय्यड़ में पत्नी की हत्या के बाद खुद भी लगा ली फांसी

# अवैध संबंधों व पैसों के दबाव में उजड़ा हंसता-खेलता परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ दो मासूमों के सामने सिर्फ कभी न भूलने वाला मंजर



एक घर, जिसमें हर सुबह बच्चों की चहचहाहट से दिन की शुरुआत होती थी, वहां सोमवार की सुबह एक ऐसा खौफनाक सन्नाटा पसरा कि देखने वालों की रूह कांप गई। जिले के गांव मय्यड़ में एक ही रात में दो जिंदगियां खत्म हो गईं और पीछे छूट गए वो मासूम बच्चे, जिनकी आंखों के सामने अब सिर्फ एक कभी न भूलने वाला मंजर है।

यह कहानी सिर्फ एक अपराध की नहीं है, बल्कि यह कहानी है उस मानसिक तनाव, रिश्तों के अंतर्विरोध और दबाव की, जिसने हंसते-खेलते परिवार को पल भर में तबाह कर दिया। रोज की तरह बच्चे सुबह सोकर उठे थे। उन्हें उम्मीद थी कि मां रसोई में चाय बना रही होगी और पिता आंगन में होंगे लेकिन जैसे ही उन्होंने कमरे का दरवाजा खोला, उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। लगभग 38 वर्षीय मां दर्शना बेजान पड़ी थी और 40 वर्षीय पिता बलजीत फंदे पर झूल रहे थे। जिन हाथों ने कल रात बच्चों को खाना खिलाया होगा, उन्हीं हाथों से पिता ने पहले मां की जान ली और फिर खुद भी मौत को गले लगा लिया। बच्चों की वह चीख जिसने पूरे गांव को जगाया, वह ताउम्र उन मासूमों के जहन से शायद ही कभी निकल पाए। परिजनों के अनुसार बलजीत ने पहले दर्शना का हत्या कर दी। इसके बाद फंदे पर लटकने से पहले वीडियो क्लीप भी बनाई। जिसमें वह चारपाई पर पड़े दर्शना के शव को दिखा रहा है और फिर अपने फंदे को दिखा रहा है।

### पंचायत ने सुनाया था फैसला

इस पूरी घटना के पीछे एक और पहलू है जो हांसी के प्रेम नगर से जुड़ता है। परिजनों के मुताबिक, बलजीत पिछले पांच साल से हांसी की एक महिला के संपर्क में था और उसके साथ रह रहा था। जिंदगी दो हिस्सों में बंट चुकी थी-एक तरफ गांव का परिवार और दूसरी तरफ वह रिश्ता जो अब गले का फंदा बनता जा रहा था। आरोप है कि उक्त महिला लगातार बलजीत पर पैसों का दबाव बना रही थी। विवाद इस कदर बढ़ा कि 15 दिन पहले पंचायत तक बैठानी पड़ी। पंचायत ने फैसला सुनाया कि बलजीत को 20 जुलाई को महिला को 70 हजार रुपये देने होंगे। सोमवार को ही वह 20 जुलाई थी। जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही थी, बलजीत के सिर पर पैसों का और मानसिक तनाव का बोझ बढ़ता जा रहा था। वह इस कदर टूट चुका था कि उसे इस दलदल से निकलने का सिर्फ एक ही रास्ता सूझा-मौत लेकिन इस आत्मघाती कदम में उसने अपनी उस पत्नी (दर्शना) को भी घसीट लिया, जिसकी इस पूरे विवाद में कोई गलती नहीं थी।

### मौत के बाद भी बजती रही फोन की घंटी

इस कहानी का सबसे हैरान करने वाला पहलू बलजीत की मौत के ठीक बाद सामने आया। जब घर में कोहराम मचा था, पुलिस कार्रवाई चल रही थी, तब भी बलजीत के मोबाइल पर उस महिला के फोन आ रहे थे। जब रोते-बिलखते परिजनों ने फोन उठाकर कहा कि बलजीत ने फांसी लगा ली है, वह अब इस दुनिया में नहीं है, तो दूसरी तरफ से सहानुभूति की बजाय एक कड़वा और अविश्वास से भरा जवाब आया कि पैसे न देने पड़ें, इसलिए तुम लोग झूठ बोल रहे हो। यह एक लाइन दर्शाती है कि रिश्तों में संवेदनशीलता किस कदर खत्म हो चुकी थी। जहां एक तरफ दो जानें जा चुकी थीं, वहीं दूसरी तरफ केवल पैसों का हिसाब-किताब हावी था।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

मय्यड़ गांव का यह घर अब सूना है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, आरोपी महिला पर कानूनी शिकंजा कसेगा या नहीं यह वक्त बताएगा लेकिन सबसे बड़ा सवाल उन बच्चों के भविष्य पर है, जिन्होंने एक ही रात में अपने माता-पिता दोनों को खो दिया। यह घटना समाज को सोचने पर मजबूर करती है कि जब अवैध संबंध, पैसों का लालच और मानसिक प्रताड़ना किसी व्यक्ति को घेर लेती है, तो उसका अंजाम सिर्फ एक शख्स नहीं, बल्कि पूरा का पूरा परिवार भुगतता है।

## उकलाना उप-तहसील में रजिस्ट्रियों में गड़बड़ी की शिकायत पर कार्रवाई

# कृषि भूमि दिखाकर रजिस्ट्री, फिर काटी कॉलोनी; सीएम फ्लाइंग ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

उकलाना उप-तहसील में जमीन की रजिस्ट्रियों में कथित अनियमितताओं की सूचना मिलने पर सीएम फ्लाइंग हिसार की टीम ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। टीम ने कई घंटों तक रजिस्ट्रियों से संबंधित रिकॉर्ड की गहन जांच की। हालांकि देर शाम तक जांच पूरी नहीं हो सकी और संबंधित दस्तावेजों की पड़ताल जारी रही। प्रारंभिक स्तर पर टीम ने कई महत्वपूर्ण रिकॉर्ड की जांच शुरू कर दी है।

इस कार्रवाई का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। टीम में लेखा अधिकारी विजेंद्र, सदर कानूनगो कर्मवीर, एएसआई सुरेंद्र, हेड कांस्टेबल जितेंद्र एवं विजय शामिल रहे। जांच के दौरान कानूनगो रामकुमार, पटवारी सुनीता सहित उप-तहसील का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग टीम को सूचना मिली थी कि उकलाना के चंडीगढ़ रोड स्थित एक मिल (फैक्ट्री) की भूमि को पहले कृषि भूमि दर्शाकर प्रति एकड़ के हिसाब से रजिस्ट्री कराई गई, जबकि बाद में उसी भूमि पर कॉलोनी विकसित कर प्लॉट काट दिए गए।



### शिकायत में ये भी लगाए आरोप

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि प्लॉटों की रजिस्ट्रियां भी कई मामलों में निर्धारित कलेक्टर रेट से कम मूल्य पर कराई गईं, जिससे सरकार को राजस्व की हानि हुई हो सकती है। इसी के आधार पर सीएम फ्लाइंग की टीम जांच के लिए उप-तहसील पहुंची। उस समय नायब तहसीलदार राहुल राठी तथा रजिस्ट्री क्लर्क अवकाश पर थे। टीम द्वारा नायब तहसीलदार से दूरभाष पर संपर्क किए जाने के बाद उन्होंने कानूनगो रामकुमार एवं अन्य कर्मचारियों को संबंधित रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम ने संबंधित रजिस्ट्रियों, दस्तावेजों और राजस्व रिकॉर्ड की विस्तार से जांच शुरू की।

### सरकारी राजस्व की हानि पर कार्रवाई करने के दिए हैं निर्देशः सुनैना

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने कहा कि प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी प्रकार की भूमि की रजिस्ट्रियां सरकार द्वारा निर्धारित कलेक्टर रेट के अनुसार ही की जाएं। यदि कहीं भी निर्धारित दरों से कम मूल्य पर रजिस्ट्री कर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया जाता है तो इसे गंभीर अनियमितता माना जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि संबंधित मिल (फैक्ट्री) की भूमि को पहले व्यावसायिक भूमि के बजाय कृषि भूमि के रूप में प्रति एकड़ दर्ज कर रजिस्ट्री की गई तथा बाद में उसी भूमि पर प्लॉट काटकर अलग-अलग रजिस्ट्रियां की गईं। साथ ही यह भी शिकायत है कि कई रजिस्ट्रियां कलेक्टर रेट से कम मूल्य पर दर्ज की गई हैं। इन सभी बिंदुओं की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि कहीं किसी प्रकार की अनियमितता हुई है या नहीं।

### प्रति एकड़ रजिस्ट्री के बाद प्लॉटों की अलग दरों पर बिक्री की भी जांच

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संबंधित भूमि की रजिस्ट्री लगभग 40 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से की गई थी। सूचना के अनुसार बाद में उसी भूमि पर कॉलोनी विकसित कर अलग-अलग प्लॉट बेचे गए। अब जांच इस बात की भी की जा रही है कि क्या प्लॉटों की रजिस्ट्रियां सरकार द्वारा निर्धारित कलेक्टर रेट के अनुरूप हुईं या उनसे कम मूल्य पर पंजीकरण कराकर स्टांप शुल्क एवं अन्य सरकारी राजस्व की हानि पहुंचाई गई। सीएम फ्लाइंग की टीम ने कई घंटों तक रिकॉर्ड का मिलान किया। बताया जा रहा है कि जांच अभी जारी रहेगी और संबंधित भूमि से जुड़ी सभी रजिस्ट्रियों, इंतकाल, राजस्व अभिलेखों तथा अन्य दस्तावेजों की क्रमवार जांच की जाएगी। यदि जांच में कलेक्टर रेट से कम मूल्य पर रजिस्ट्रियां अथवा अन्य अनियमितताएं सामने आती हैं तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### 660 इंतकाल व 8 सीएम विंडो शिकायतें भी लंबित

सीएम फ्लाइंग की जांच के दौरान उप-तहसील कार्यालय में 660 इंतकाल लंबित पाए गए। इसके अलावा सीएम विंडो की 8 शिकायतें भी लंबित मिलीं। टीम ने लंबित मामलों को लेकर भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली।

## सामने आया फर्जीवाड़ा

# फर्जी युवक खड़े कर रजिस्ट्री कराने का प्रयास, दो पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

बास तहसील में जमीन की रजिस्ट्री के दौरान एक सनसनीखेज फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है, जहां दो असली भू-मालिकों की जगह दो फर्जी युवकों को खड़ा करके रजिस्ट्री कराने का प्रयास किया गया।

गनीमत रही कि हस्ताक्षर होने और प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही पोल खुल गई। नायब तहसीलदार ने तुरंत एक्शन लेते हुए रजिस्ट्री को निरस्त कर दिया और मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो अज्ञात जालसाजों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 16 को वकील व गवाह के शक से खुली पोल

मामला गांव बास अकबरपुर से जुड़ा है, जहां के आठ लोगों ने मिलकर अपनी एक एकड़ जमीन का सौदा किया था। बीती 16 जुलाई को इस जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए सभी पक्ष तहसील पहुंचे थे। एडवोकेट रामकेश ने रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार किए थे। इसके बाद सभी आठों युवक और गवाह अमन नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार के सामने पेश हुए। औपचारिकता के तहत सभी के पहचान पत्र चेक किए गए और फोटो की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई। लेकिन इसी दौरान एडवोकेट रामकेश और गवाह अमन को दो युवकों की संदिग्ध हरकतों और कार्यप्रणाली पर शक हुआ। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना नायब तहसीलदार को दी कि आठ में से दो युवक फर्जी हैं और दूसरों की जगह गलत पहचान देकर खड़े हुए हैं। बास के नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार के अनुसार रजिस्ट्री पर अंतिम हस्ताक्षर होने से पहले ही यह धोखाधड़ी पकड़ में आ गई। इसके बाद पंजीकरण को तुरंत रोककर भारतीय रजिस्ट्रेशन एक्ट 1908 के तहत वशिका को निरस्त कर दिया गया है। भविष्य में ऐसी धोखाधड़ी रोकने के लिए दस्तावेजों और पहचान की और भी गहनता से जांच की जाएगी।

### कब्जे में ले लिए हैं दस्तावेज

दो अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। तहसील से संबंधित सभी दस्तावेज कब्जे में ले लिए गए हैं और मौके की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही दोनों जालसाजों की पहचान कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।
**-पवित्र कुमार,** थाना प्रभारी, बास

## रंजिश के चलते पौने छह साल पहले की थी वारदात

# नारनौंद के चर्चित रामकुमार हत्याकांड में नाबालिग समेत पांच दोषियों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नारनौंद में करीब पौने छह साल पहले मामूली विवाद और पुरानी रंजिश के चलते तेजधार हथियारों से हमला कर एक व्यक्ति राजकुमार की बेरहमी से हत्या करने और कई अन्यों को घायल करने के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।

इसके अलावा प्रत्येक दोषी पर 1 लाख 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। सजा पाने वालों में नारनौंद निवासी विशाल, बालकिशन, जिंदल व राहुल शामिल हैं। इस मामले के 11 आरोपियों को बरी भी किया गया है। बरी होने वालों में गीता, रितु, कमलेश, बंटी, नसीब, देवराज, कन्हैया, बलराज, सुरेश, अमन और राजकुमार शामिल है। इस मामले में अदालत ने अपने आदेश में विशेष रूप से कहा कि वारदात के समय नाबालिग रहा दोषी अब 23 वर्ष का हो चुका है, इसलिए प्रोबेशन ऑफिसर या डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट उसका फॉलो-अप करेंगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसमें सुधार के लिए क्या बदलाव हुए हैं और क्या जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के सेक्शन 20 के तहत उसकी रिहाई की संभावना बनती है। अदालत में चले अभियोग के अनुसार मामला 27 सितंबर 2020 की रात का है।

### 28 सितंबर 2020 को दर्ज किया था केस

नारनौंद थाना पुलिस ने मृतक रामकुमार के भाई वार्ड नंबर 4 निवासी राममेहर की शिकायत पर 28 सितंबर 2020 को केस दर्ज किया था। शिकायत के अनुसार, वारदात की शाम राममेहर के बेटे विशाल का फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास प्रमोद और राहुल के साथ मामूली विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते उसी रात करीब 7:30 बजे आरोपी लाठी, डंडे, गंडासी और चाकू जैसे घातक हथियारों से लैस होकर राममेहर के घर पर टूट पड़े और रामकुमार को घर से घसीटकर गली में ले आए। हमलावरों ने रामकुमार पर अंधाधुंध वार शुरू कर दिए और बीच-बचाव करने आए हरिचंद, कर्मबीर, सचिन उर्फ सोमनाथ और बाला पर भी जानलेवा हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। आरोप था कि बालकिशन के बेटे विशाल ने रामकुमार के पेट में चाकू घोंपा था, जबकि प्रमोद और बालकिशन उर्फ मंगत ने गंडासी से सिर पर ताबड़तोड़ वार किए थे। गंभीर रूप से घायल रामकुमार को पहले नारनौंद सी.एच.सी. और फिर हांसी के अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें हिसार रेफर कर दिया, लेकिन हांसी सामान्य अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने इस खूनी संघर्ष में 20 से अधिक नामजद और कई अन्य के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न संगीन धाराओं में केस दर्ज किया था, जिस पर अब अदालत का अंतिम फैसला आ गया है।

## पंचायत | खरगोश शिकार प्रकरण में बदला बिश्नोई समाज का रुख

# 6-6 गठड़ी तूड़ी का दंड दे माफ किए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सुलखनी-धान्सू क्षेत्र में सामने आए खरगोश शिकार प्रकरण में बिश्नोई समाज का रुख बदलता नजर आया। जिस मामले में एक सप्ताह पहले समाज और जीव रक्षा से जुड़े लोग आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे, उसी मामले में सोमवार को धान्सू स्थित राधा कृष्ण गौशाला में हुई पंचायत ने आरोपितों को छह-छह गठड़ी तूड़ी का सामाजिक दंड देकर माफ कर दिया। हालांकि वाइल्डलाइफ विभाग ने तीन नामजद आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### राधा कृष्ण गोशाला में हुई पंचायत

सुलखनी-धान्सू क्षेत्र में 14 जुलाई को सामने आए खरगोश शिकार प्रकरण को लेकर सोमवार को धान्सू स्थित राधा कृष्ण गोशाला में पंचायत आयोजित की गई। इस मामले में एक सप्ताह पहले तक बिश्नोई समाज और जीव रक्षा से जुड़े लोग वाइल्डलाइफ विभाग पर आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का दबाव बना रहे थे, लेकिन पंचायत में समाज का रुख बदला हुआ दिखाई दिया। पंचायत में आरोपितों की बात सुनने के बाद उन्हें सामाजिक स्तर पर माफ कर दिया गया तथा गौशाला में छह-छह गठड़ी तूड़ी डालने का दंड लगाकर मामले का निपटारा कर दिया गया।

### वाइल्डलाइफ विभाग ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस, गिरफ्तारी की तैयारी

पंचायत के दौरान आरोपितों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए समाज और ग्रामीणों से माफी मांगी। एक आरोपित ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ भेड़-बकरियां चराने गया हुआ था। इसी दौरान एक खरगोश के पीछे कुत्ते पड़ गए। उसे बचाने के प्रयास में लाठी लगने से उसकी मौत हो गई। आरोपित ने कहा कि घटना के बाद वे घबरा गए थे। उसने पंचायत के सामने हाथ जोड़कर कहा कि यदि उनसे कोई गलती हुई है तो उन्हें माफ कर दिया जाए। पंचायत जो भी फैसला करेगी, वह उन्हें स्वीकार होगा।

### दलील पर सवाल भी उठे

हालांकि पंचायत में मौजूद कई लोगों ने इस दलील पर सवाल भी उठाए। उनका कहना था कि मामले की वास्तविकता का पता वाइल्डलाइफ विभाग की जांच से ही चल सकेगा। पंचायत ने भी स्पष्ट किया कि कानूनी कार्रवाई और किसी भी प्रकार का वैधानिक दंड तय करना वाइल्डलाइफ विभाग का अधिकार क्षेत्र है तथा विभाग अपने स्तर पर जांच और कार्रवाई जारी रखेगा।

### पश्चाताप की सलाह दी

पंचायत ने सामाजिक दंड के रूप में आरोपितों को गौशाला में छह-छह गठड़ी तूड़ी डालने का दायित्व सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि केवल माफी मांग लेने से गलती समाप्त नहीं हो जाती। उन्होंने आरोपितों को सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से भी अपने कृत्य पर पश्चाताप करने की सलाह दी। पंचायत में कहा गया कि पाप का प्रायश्चित भी जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न हो।

# पेयजल संकट से तंग हो बिठमड़ा के मुख्य जलापूर्ति केंद्र पर जड़ा ताला

■ ग्रामीणों ने समाधान नहीं होने पर सात दिन बाद फिर आंदोलन की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

बिठमड़ा में पेयजल संकट से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को मुख्य जलापूर्ति केंद्र पर ताला जड़कर धरना एवं प्रदर्शन किया। धरना सुबह 9:30 बजे शुरू हुआ और शाम 3 बजे तक जारी रहा। ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए गांव में नहरी पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। धरना स्थल पर जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ, जेई व अन्य अधिकारी पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि विभाग पहले 15 जुलाई तक का समय मांग चुका था। बाद में 20 जुलाई तक का समय भी इस आश्वासन पर दिया गया कि पाइपलाइन की लीकेज ठीक कर नहरी पेयजल आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी, लेकिन पिछले 20-25 दिनों में न तो पाइपलाइन की लीकेज ठीक हुई और न ही गांव के मुख्य वाटर वर्क्स तक पानी पहुंचा। बाद में एसडीएम बरवाला भी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से सात दिन का समय देने का आग्रह करते हुए आश्वासन दिया कि यदि सात दिन के भीतर पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं हुई और लीकेज ठीक नहीं हुई तो वह स्वयं ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठेंगे।



उकलाना। पेयजल की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### पाबड़ा में पेयजल संकट, लोगों ने जताया रोष

**बरवाला।** काफी लंबे अरसे से पीने के पानी के घोर संकट से जूझ रहे गांव पाबड़ा के ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय के समक्ष पीने के पानी का समाधान करवाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। गुस्साए ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करके रोष व्यक्त किया। प्रदर्शन प्रेम प्रधान और जिला प्रधान सरजीत के नेतृत्व में किया गया। ग्रामीणों ने मौके पर आए जेई अनिल को पीने के पानी का समाधान करवाए जाने की मांग को लेकर एसडीओ के नाम ज्ञापन सौपा। जेई अनिल ने इन गुस्साए ग्रामीणों को तीन दिन के अंदर अंदर पीने का पानी का समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने चेताते हुए कहा कि अगर तीन दिन के अंदर अंदर पीने के पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो प्रशासन के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया जाएगा। इससे पूर्व प्रदर्शन में शामिल प्रधान प्रेम, जिला प्रधान सरजीत, जगदीश, सतबीर, पप्पू राम, करण सिंह, जुगल किशोर, प्रवीण, विक्की, भारती, सुमन, रेखा, बिल्लो, सीमा व कुसुम आदि ने बताया कि गांव के कनौह मोड़ पर लंबे अरसे से पानी का संकट संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के समक्ष कई बार गुहार लगाई जा चुकी है। परंतु पीने के पानी की समस्या का अभी तक समाधान नहीं किया गया है।

### एसडीएम को सौंपा मांगों का ज्ञापन

काफी देर तक चली वार्ता के बाद ग्रामीण सात दिन का समय देने पर सहमत हो गए और मुख्यमंत्री के नाम अपनी छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम बरवाला को सौंप दिया। ग्रामीणों ने मांग की कि भाखड़ा नहर से आने वाली पेयजल पाइपलाइन की सभी लीकेज तुरंत ठीक की जाएं, हिसार-टोहाना मार्ग पर हासेवाला माइनर पुल के पास ऊंची पाइपलाइन को नीचे किया जाए, गांव के सभी बूस्टिंग स्टेशनों को मुख्य पाइपलाइन से जोड़ा जाए, नहरी पेयजल व्यवस्था सुचारु होने तक दूसरा ट्यूबवेल लगाकर पानी की आपूर्ति की जाए, जिन गलियों में पाइपलाइन और कनेक्शन नहीं हैं वहां तुरंत पाइपलाइन बिछाई जाए तथा गांव की सभी जलापूर्ति लाइनों की लीकेज दूर की जाए।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
21 जुलाई 2026



हर किसी की जिंदगी में कोई ना कोई ऐसी घटना घटित होती है या वह किसी ऐसे बुरे अनुभव से गुजरता है, उसका जीवन पर गहरा असर पड़ता है, बहुत ही दुखदायी, पीड़ाजनक। लेकिन इसका असर पूरी जिंदगी भर रहे, इंसान अकेला होकर जीवन जीने लगे, उदासी-निराशा से घिरा रहे, यह स्थिति स्वयं के लिए चिंताजनक है। किसी भी दर्द-तकलीफ को जीवन का अंतिम सत्य नहीं मान लेना चाहिए।

# किसी बुरे अनुभव का असर क्यों रहे जिंदगी भर

कवर स्टोरी
स्नेहा सिंह

जीवन में कभी-कभी कोई दर्दनाक घटना या बुरा अनुभव हमारे भीतर गहरे तक बैठ जाता है। यह बुरा अनुभव धोखा, असफल विवाह, विश्वासघात या किसी अपने का साथ छूट जाना हो सकता है। ये बातें केवल उस पल तक सीमित नहीं रहतीं, अकसर हमारे वर्तमान और भविष्य पर भी असर डालती हैं। हम भारी तनाव से घिर जाते हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहे लोगों में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की होती है, जो अपने अतीत के कड़वे अनुभवों से बाहर नहीं निकल पाते।

## नई आशाएं बनाए रखें

सवाल यह है कि क्या एक बुरा अनुभव ताउम्र के लिए एक फैसला हो जाती है? बिल्कुल नहीं। सावधानी जरूरी है, लेकिन डर के कारण जीवन के सारे दरवाजे बंद कर देना समझदारी नहीं है। यदि कभी कोई रिश्ता टूट गया, विश्वास बिखर गया या जीवन में कोई कठिन मोड़ आया, तो इसका अर्थ यह नहीं कि आगे भी हर रास्ता ऐसा ही होगा। हर नया दिन नई आशाएं और संभावनाएं लेकर आता है। गहना का ही उदाहरण लें, उसकी अपने परिवार की पसंद से हार्दिक से अरेंज मैरिज हुई। हार्दिक पढ़ा-लिखा, सुलझा हुआ और उसे व्यवहार कुशल भी लगा। गहना ने बिना ज्यादा कुछ सोचे, रिश्ते के लिए हां कह दी। सगाई के कुछ ही महीनों बाद विवाह हो गया। लेकिन शादी के बाद हार्दिक का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। वह गहना की भावनाओं की कोई परवाह नहीं करता था। देर रात घर लौटता, गहना से बातचीत नहीं करता, उसके हाथ का बना खाना नहीं खाता और हर समय दूरी बनाए रखता। पूरे एक साल तक गहना ने यह सब सहा, लेकिन एक दिन उसकी सहनशक्ति जवाब दे गई। उसने अपनी मां को फोन करके सारी बातें बताईं और बोली, 'अगर आप मुझे यहां से नहीं ले जाएंगी तो मैं किसी दिन अपनी जान दे दूंगी।' माता-पिता ससुराल आकर उसे अपने साथ ले गए। अंततः गहना और हार्दिक का तलाक हो गया, लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। मायके में भी उसे भाभी के तानों का सामना करना पड़ता। लगातार मानसिक पीड़ा से तंग आकर वह नौकरी खोजने के बहाने दूसरे शहर में शिफ्ट हो गई। वहां उसे बाहरी शांति तो मिली, लेकिन अकेलापन उसके साथ बना रहा। दोस्त उसे दोबारा जीवन शुरू करने और नया साथी चुनने की सलाह देते थे, लेकिन गहना अब किसी रिश्ते पर विश्वास करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी। वह अपने जीवन से हताश-निराश हो चुकी थी। लेकिन कुछ समय बाद उसने अपने आप को संभाला, वह अकेलेपन से बाहर आई। लोगों से नए रिश्ते बनाए, पुराने रिश्तों से भी जुड़ी। उसने एक अच्छी जॉब ही नहीं खोजी, एक अच्छा जीवन साथी भी खोजा। आज वह अपने पति के साथ सुखी वैवाहिक जीवन बीता रही है। उसका एक तीन साल का बेटा भी है।





## अकेलेपन से ऐसे बचें

किसी बुरे अनुभव से गुजरा व्यक्ति प्रायः हताश-निराश होकर लोगों से खुद को दूर करके अपने आपको अकेला कर लेता है, यह सही नहीं है। आप अपनों के बीच बनी रहें। अपनों का साथ हमें सुरक्षा, अपनापन और भावनात्मक संबल देता है। याद करें, जब आप युवावस्था में थीं, तब सखी-सहेलियों से सभी तरह की बातें साझा करते हुए कभी अपने आपको कमजोर महसूस नहीं करती थीं। सहेलियों की सलाह पर हर दर्द का सामना करती थीं, अकेलापन महसूस नहीं करती थीं। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता जाता है, आप और आपकी सहेलियां अपने-अपने परिवार और जिम्मेदारियों में व्यस्त हो जाती हैं। आपकी बातें साझा करने वाला कोई नहीं रह जाता है, लेकिन आपके पास नए रिश्ते तो होते ही हैं, इनमें जो आपके करीब हैं, विश्वसनीय हैं, उनसे अपनी तकलीफें शेयर करें, इससे आप एक हल्कापन महसूस करेंगी।

## करिए नई शुरुआत

किसी बुरे अनुभव या हादसे से गुजरकर अपने आपको अकेलेपन में मत धकेलिए। कुछ समय तो अकेलेपन की इच्छा एक शांति, राहत दे सकती है, लेकिन यह इच्छा हमेशा नहीं बनी रहती। कुछ समय बाद मन किसी अपने की आवाज, किसी अपने का स्पर्श, किसी के साथ और अपनापन तलाशने लगता है। इंसान रिश्तों के बीच रहकर ही जीवंत रहता है, खुश रहता है। इसलिए आपको कोई दर्द मिला है तो उसे जीवन का अंतिम सत्य मत मानिए। अपने मन को समय दीजिए, स्वयं को संभालिए और जब लगे कि दिल फिर से भरपूर जिंदगी जीने को तैयार है, तब जीवन को एक और अवसर दीजिए। याद रखिए, किसी बुरे अनुभव का असर जिंदगी भर नहीं रहता। जीवन हर मोड़ पर नई उम्मीद लेकर आपका इंतजार करता है। बस जरूरत होती है, अपने भीतर के विश्वास को जगाने की, नई ऊर्जा के साथ अपनी जिंदगी जीने की। ❁

### अकेलापन घेरता है कई बीमारियों से



**हमें कभी** भी लंबे समय तक अकेलेपन से नहीं घिरे रहना चाहिए। जीवन में कुछ समय तो एकांत अच्छा लगता है, लेकिन लंबे समय तक अकेले रहना व्यक्ति के स्वभाव और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए सही नहीं है। इस तरह की स्थितियों में धीरे-धीरे इंसान लोगों से दूर होने लगता है। उसके भीतर चिड़चिड़ापन, उदासी और निराशा घर करने लगती है। बाहर से तो सब सामान्य दिखाई देता है, लेकिन भीतर का खालीपन लगातार उसे कमजोर करता रहता है। मनोविज्ञान भी मानता है कि लंबे समय तक अकेलापन कई मानसिक समस्याओं को जन्म देता है। इसलिए यदि आपको कोई भावनात्मक चोट मिली है तो उससे सबक लीजिए और अपने सुखी जीवन के सारे दरवाजे हमेशा के लिए बंद मत कीजिए। हर व्यक्ति एक जैसा नहीं होता। हर रिश्ता भी पिछले रिश्ते जैसा नहीं होता। थोड़ा समय लीजिए, अपने आपको संभालिए और फिर से लोगों पर, अपने आप पर विश्वास कीजिए। अच्छे साथी बनाइए। कभी-कभी एक सच्चा साथी जीवन के पुराने घावों पर मरहम की तरह काम करता है।

# फिटनेस का नया साथी वियरेबल टेक्नोलॉजी

आज महिलाएं अपनी हेल्थ और फिटनेस को साइंटिफिक तरीके से समझना चाहती हैं। आइए, जानते हैं कि वियरेबल टेक्नोलॉजी किस प्रकार हेल्थ मैनेजमेंट को साइंटिफिक, ईजी और इफेक्टिव बनाती है?

फिटनेस गैजेट
मधु सिंह



अभी कुछ वर्षों पहले तक फिटनेस का मतलब केवल वजन कम करने या जिम जाने तक सीमित था, लेकिन आज महिलाएं अपनी संपूर्ण सेहत पर नजर रखती हैं, वियरेबल टेक्नोलॉजी के माध्यम से। दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, पुणे, बैंग्लुरु जैसे महानगरों में आज वर्किंग वूमेन और युवतियों के बीच वियरेबल टेक्नोलॉजी तेजी से पॉपुलर हुई है। स्मार्ट वॉच, फिटनेस बैंड, स्मार्ट रिंग, ये कुछ ऐसे उपकरण हैं, जो अब केवल फैशन एक्सेसरीज नहीं हैं, पर्सनल हेल्थ एडवाइजर का रूप ले चुके हैं।

**साइंटिफिक और बॉडी के अनुकूल:** वियरेबल टेक्नोलॉजी फिटनेस का ऐसा तरीका है, जो ज्यादा साइंटिफिक और शरीर के ज्यादा अनुकूल है। विशेषज्ञ मानते हैं कि पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण नीति के बिना कोई फिटनेस कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता। वियरेबल डिवाइस ये बताते हैं कि व्यक्ति कितनी देर नींद में रहा, कितनी बार नींद टूटी और कुल मिलाकर कितना आराम मिला? यदि लगातार नींद खराब हो रही है, तो समय रहते जीवनशैली में बदलाव किए जा सकते हैं।



**मूवमेंट और एक्टिविटीज की मॉनिटरिंग:** वियरेबल टेक्नोलॉजी शरीर के विभिन्न पहलुओं की लगातार निगरानी करती है और यूजर्स को उसकी लगातार जानकारी देती है। एक छोटी सी स्मार्ट वाच के जरिए हम यह जान जाते हैं कि सुबह घर से निकलने के बाद शाम को घर तक पहुंचने के पहले हम कितने कदम चल चुके होते हैं। दिनभर में हम कितनी कैलोरी खर्च कर चुके हैं। कितनी देर बैठे रहे या कितनी देर एक्टिव रहे, इस सबका हिसाब इस वियरेबल टेक्नोलॉजी के पास रहता है।

**पीरियड्स का रिकॉर्ड और सलाह:** वियरेबल टेक्नोलॉजी की बदौलत आज महिलाएं अपने पीरियड्स का रिकॉर्ड ही शुद्धता से नहीं रखतीं बल्कि वो इस चक्र के शुरू होने और उसके बीच और अंत तक के संकेतों की अच्छी तरह से रिव्यू करके इस कठिन समय को अपने अनुकूल ढालती हैं, क्योंकि वियरेबल टेक्नोलॉजी उन्हें बता देती है कि पीरियड्स कब शुरू हो रहे हैं, किस-किस तरह की परेशानी होगी, क्या करें कि परेशानी कम हो।

**मेंटल हेल्थ के प्रति करती है अवेयर:** महिलाओं पर काम, परिवार और सामाजिक जिम्मेदारियों के बीच मानसिक दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में नई पीढ़ी की स्मार्ट वॉच उनकी हृदय गति और अन्य संकेतों के आधार पर तनाव के स्तर का अनुमान लगाती है। कई डिवाइस तनाव बढ़ने पर गहरी सांस लेने या कुछ मिनटों तक आराम करने की सलाह देती है।

**हर तरह के वर्कआउट का एनालिसिस:** आज के स्मार्ट वॉच केवल चले गए कदम या आपकी दौड़ को ही नहीं मापती बल्कि योग, पिलेट्स, साइकिलिंग, तैराकी, नृत्य और हाई-इंटेंसिटी, इंटरवल ट्रेनिंग जैसे अनेक व्यायामों का अलग-अलग रिकॉर्ड रखती है, जिससे महिलाओं को यह समझने में आसानी होती है कि उनकी किस गतिविधि से वो अपनी कितनी कैलोरी बर्न कर रही हैं। इससे फिटनेस प्लान बनाने में आसानी होती है।

**करती है मोटिवेट भी:** अकसर लोग कुछ दिनों तक व्यायाम करने के बाद अपना उत्साह खो देते हैं। लेकिन वियरेबल डिवाइस लगातार आपको लक्ष्य पूरा होने पर बधाई देती है, बार-बार लक्ष्य पूरा करने को याद दिलाती है, लगातार रिपोर्ट देती है। यानी वह बिना रुके आपको अपनी फिटनेस मेंटेन रखने के लिए इंस्पायर करती रहती है। ❁

साज-सज्जा
निकिता गुप्ता

बारिश के मौसम में उमस भरी गर्मी, अधिक नमी और सीलन के कारण अकसर घर में से बदबू आती रहती है। इसे दूर करने के लिए आप कुछ कारगर उपाय आजमा सकती हैं।

# बारिश के मौसम में भीना-भीना महकेगा घर

बारिश के मौसम में नमी बढ़ने की वजह से घर में से अकसर सीलन की बदबू आती रहती है। लगातार बारिश के कारण घर के कोनों, अलमारियों, पर्दों और फर्नीचर में नमी जमा हो सकती है, जिससे घर के भीतर असहज महसूस होने लगता है। ऐसे में घर को साफ, ताजा और खुशबूदार बनाए रखना जरूरी हो जाता है। कुछ आसान घरेलू उपायों की मदद से मानसून में भी घर को फ्रेश और महकता हुआ रखा जा सकता है।

**रखें पर्याप्त वेंटिलेशन:** मानसून में घर के अंदर ताजी हवा का आना बहुत जरूरी है। जब भी मौसम साफ हो, खिड़कियां और दरवाजे कुछ समय के लिए खोल दें ताकि घर में हवा का प्रवाह बना रहे। इससे नमी कम होती है और बदबू पैदा करने वाले बैक्टीरिया और फंफूदी पनपने की संभावना घट जाती है।

**नियमित करें सफाई:** फर्श, फर्नीचर और घर के कोनों की नियमित सफाई करें। गीले कपड़े से सफाई करने के बाद जगह को अच्छी तरह सूखने दें।

**पर्दों-कुशन कवर की सफाई:** बारिश के मौसम में कपड़े नमी को जल्दी सोख लेते हैं, जिससे उनमें सीलन की गंध आने लगती है। इसलिए पर्दों, कुशन कवर और बेडशीट्स को समय-समय पर धोती रहें।

**नेचुरल फ्रेशनर:** अलमारी और स्टोरेज एरिया में अकसर सीलन की गंध जमा हो जाती है। इसके लिए छोटे कपड़े की पोटली में लौंग, दालचीनी या सूखे फूल रखे जा सकते हैं।

**इनडोर प्लांट्स:** कुछ इनडोर प्लांट्स, घर की हवा को ताजा और खुशबूदार रखने में मदद कर सकते हैं। मनी प्लांट, स्नेक प्लांट और पीस लिली जैसे पौधे घर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ वातावरण को भी बेहतर बनाते हैं।



**सुगंधित मोमबत्तियां:** सुगंधित मोमबत्तियां भी घर को खुशबूदार बनाने का आसान और सबसे प्रभावी तरीका हैं। शाम के समय कुछ देर के लिए हल्की खुशबू वाली मोमबत्तियां जलाई जा सकती हैं। इससे घर में खुशबूदार माहौल बनता है।

**एसेंशियल ऑयल्स:** लैवेंडर, लेमनग्रास, पुदीना या ऑरेंज जैसे एसेंशियल ऑयल्स मानसून में घर को खुशबूदार बनाने का अच्छा विकल्प हो सकते हैं। इन्हें डिफ्यूजर में डालकर इस्तेमाल किया जा सकता है। इनकी हल्की और प्राकृतिक खुशबू घर के माहौल को महक से भर देती है।



**नमी को नियंत्रित रखें:** मानसून में केवल खुशबू फैलाना ही काफी नहीं है, बल्कि नमी को नियंत्रित रखना भी जरूरी है। यदि संभव हो तो डीह्यूमिडिफायर या नमी सोखने वाले उत्पादों का उपयोग किया जा सकता है। इससे घर लंबे समय तक फ्रेश बना रहता है।

**नीबू-बेकिंग सोडा:** घर की बदबू दूर करने के लिए नीबू और बेकिंग सोडा काफी प्रभावी माने जाते हैं। एक कटोरी में बेकिंग सोडा कमरे के किसी कोने में रखें। यह हवा में मौजूद गंध को सोखने में मदद करता है। एक बाउल में नीबू को काटकर रख सकती हैं। नीबू की ताजगी भरी खुशबू घर के वातावरण को फ्रेश महसूस कराती है।

अंत में कहा जा सकता है कि मानसून में थोड़ी-सी अतिरिक्त देखभाल से घर को साफ, खुशबूदार और ताजगी भरा रखा जा सकता है। नियमित सफाई, प्राकृतिक खुशबू और उचित वेंटिलेशन जैसे छोटे-छोटे उपाय घर के माहौल को पूरी तरह बदल सकते हैं। इससे न केवल घर सुंदर लगता है, बल्कि परिवार के सभी सदस्य भी अधिक आरामदायक और सकारात्मक महसूस करते हैं। ❁

**(होम केयर एक्सपर्ट मिशाल गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

सजेशन
श्रुति आयंगर

# मानसून में फ्रेश फीलिंग के लिए परफेक्ट हैं ये परफ्यूम फ्रेगरेंस

बारिश के मौसम में बढ़ी हुई ह्यूमिडिटी, उमस और पसीने की वजह से परफ्यूम की खुशबू जल्दी फीकी पड़ सकती है। ऐसे में सही फ्रेगरेंस चुनना जरूरी हो जाता है। अगर आप चाहती हैं कि इस सीजन में भी दिनभर आप फ्रेश, कॉन्फिडेंट और महकती रहें, तो हल्की, रिफ्रेशिंग और लंबे समय तक टिकने वाली खुशबू को अपनी परफ्यूम कलेक्शन में शामिल करें। सही फ्रेगरेंस न सिर्फ पूरे दिन ताजगी का एहसास बनाए रखती है, बल्कि आपके स्टाइल और पर्सनालिटी को भी एक खास पहचान देती है। आइए जानते हैं ऐसी फ्रेगरेंस के बारे में, जो मानसून के दौरान भी आपके लुक को और इंप्रेसिव बना सकती है।

**व्हाइट मस्क फ्रेगरेंस:** अगर आपको हल्की लेकिन लंबे समय तक टिकने वाली खुशबू पसंद है, तो व्हाइट मस्क फ्रेगरेंस आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकती है। इसकी सॉफ्ट, क्लीन और एलिगेंट महक मानसून की उमस में भी पूरे दिन फ्रेशनेस बनाए रखती है। यही वजह है कि यह ऑफिस, कॉलेज जाने वाली ही नहीं डेली यूज के लिए भी महिलाओं की पसंदीदा फ्रेगरेंस में शामिल है।



**एक्वा फ्रेगरेंस:** मानसून के दौरान यूज किए जाने वाले परफ्यूम्स में एक्वा फ्रेगरेंस भी सबसे पसंदीदा चॉइस में से एक मानी जाती है। इसकी खुशबू समुद्री हवा और बारिश की फुहारों जैसी ताजगी का एहसास कराती है। अगर आपका दिन भाग-दौड़ भरा रहता है, तो यह फ्रेगरेंस आपको लंबे समय तक फ्रेश और एनर्जेटिक महसूस कराने में मदद करेगी।

**सिट्रस फ्रेगरेंस:** नीबू, संतरा, बर्गामोट और ग्रेपफ्रूट जैसे सिट्रस नोट्स वाली फ्रेगरेंस, मानसून के लिए बेहतरीन मानी जाती है। इनकी हल्की और रिफ्रेशिंग खुशबू दिनभर आपको तरोताजा महसूस कराती है और आपकी एनर्जी बनाए रखने में मदद करती है। यह डेली वियर के लिए भी एक अच्छा विकल्प है।

**ग्रीन टी फ्रेगरेंस:** अगर आपको बहुत तेज खुशबू पसंद नहीं है, तो ग्रीन टी फ्रेगरेंस जरूर ट्राई करें। इसकी नेचुरल, हल्की और सुकून देने वाली महक मानसून के मौसम के लिए एकदम उपयुक्त मानी जाती है। यह पूरे दिन फ्रेश फील कराने के साथ-साथ मन को भी तरोताजा रखती है।

**जैस्मिन फ्रेगरेंस:** फ्लोरल खुशबू पसंद करने वाली महिलाओं के लिए जैस्मिन फ्रेगरेंस एक एवरग्रीन चॉइस है। इसकी भीनी-भीनी महक हर मौके पर आपकी पर्सनालिटी में एलिगेंट टच जोड़ती है। चाहे ऑफिस हो, आउटिंग हो या कोई खास अवसर, यह फ्रेगरेंस आपको अलग पहचान देती है। ❁

सीजनल हेल्थ
नम्रता उपाध्याय
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट

बारिश के मौसम में कुछ लोग अकसर डल फील करते हैं। इसके साथ ही थकान, मूड स्विंग्स, अकेलापन भी महसूस होता है। ये लक्षण मानसून ब्लूज के हो सकते हैं। इसके क्या कारण हैं और इससे बचने के क्या उपाय हैं, जानिए।

# अकसर फील करती हैं डलनेस-थकान कहीं आप मानसून ब्लूज का शिकार तो नहीं!

बारिश के मौसम में रिमझिम फुहारें जहां तन को ठंडक पहुंचाती हैं, वहीं कई बार मन की उदासी का कारण भी बनने लगती हैं। मानसून के दौरान कई लोगों को उदासी और बेवजह डलनेस, थकान का अनुभव होता रहता है। बायोमेड सेंट्रल की रिपोर्ट के अनुसार क्लाइमेट चेंजेज का हमारे मूड पर गहरा प्रभाव देखने का मिलता है। इससे अधिकतर लोगों को स्ट्रेस और एंग्जाइटी का सामना करना पड़ता है और वे दिनभर परेशान और उदास रहते हैं।

## मानसून ब्लूज का असर

इस मौसम के चलते कई लोगों को मानसिक तौर पर कई प्रकार के बदलावों का सामना करना पड़ता है, जिसका असर उनकी वर्क प्रोडक्टिविटी और ओवरऑल हेल्थ पर भी नजर आने लगता है। बारिश के दिनों में सन एक्सपोजर की कमी के चलते शरीर में विटामिन डी की मात्रा घट जाती है और शरीर में मूड बूस्टर न्यूरोट्रांसमीटर प्रभावित होने लगता है, जिसका असर इटिंग हैबिट्स, नींद और डाइजेशन के साथ ही हमारे कंसंट्रेशन पर भी नजर आने लगता है, जिससे गुस्सा और चिड़चिड़ापन भी बढ़ जाता है। इस समस्या को मानसून ब्लूज कहा जाता है।



## मूड खराब होने के कारण

बारिश के मौसम में मानसून ब्लूज का शिकार होने की कई वजहें हैं।

**सूरज की कम रोशनी:** इन दिनों सूरज की रोशनी हमें कम मिल पाती है, जिसके कारण बॉडी में विटामिन डी की कमी हो जाती है। इससे थकावट, कमजोरी और चिड़चिड़ापन महसूस होने लगता है।

**बचाव के उपाय:** मानसून के दौरान हमें कम धूप मिलने से शरीर में 'सेरोटोनिन' (खुशी देने वाला हार्मोन) का स्तर भी कम हो जाता है। इसके उलट 'मेलाटोनिन' (नींद लाने वाला हार्मोन) का स्तर बढ़ सकता है, जिससे मूड स्विंग्स और सुस्ती होती है। इससे बचने के लिए अंधेरे में बैठने से बचें। दिन के समय घर के खिड़की-दरवाजे खुले रखें, ताकि घर में पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी आए। रोशनी के लिए इनडोर लाइट्स की मदद लें और खाली वक्त में किताबें पढ़ें या कोई भी पसंदीदा एक्टिविटीज को करें।



**फिजिकली एक्टिव न होना:** बारिश के दिनों में आउटडोर वर्कआउट की कमी से स्ट्रेस का सामना करना पड़ता है, जिसके चलते शरीर में कार्टिसोल का स्तर बढ़ने लगता है, जिससे नींद नहीं आती है।

**बचाव के उपाय:** मेंटल हेल्थ को बूस्ट करने के लिए रोजाना भरपूर नींद लें। ऐसा करने से मन को शांति और सुकून की प्राप्ति होती है। इससे शरीर एक्टिव रहता है और आलस से मुक्ति मिलती है। साथ ही बारिश के मौसम में अगर बाहर या जिम जाना संभव नहीं, तो घर पर ही हल्की-फुल्की एक्सरसाइज करें। सुबह स्ट्रेचिंग और ब्रीदिंग एक्सरसाइज से मेंटल हेल्थ को मजबूत बनाएं।

**डाइट में करें बदलाव:** बारिश के दिनों में अकसर लोग फ्राइड फूड्स खाने लगते है, जिससे शरीर में पोषण की कमी बढ़ जाती है और एंप्टी कैलोरीज इनटेक बढ़ने लगता है। इस वजह से इनडाइजेशन और मूड स्विंग की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बाहर से जंक फूड खाने के बजाय मूड बूस्ट करने वाली ताजी सब्जियों और फलों का सेवन करें, घर का ताजा खाना खाएं। ❁

**प्रस्तुतिः ललिता गोयल**

**खबर संक्षेप**



## श्याम बाबा के जयकारों के साथ लगाया भंडारा

**हिसार।** श्रीश्याम खाटू भंडारा समिति ट्रस्ट की ओर से टेलीफोन एक्सचेंज के सामने 24वां भंडारा हर्ष और उल्लास से लगाया गया। इस भंडारे को हर महीने के आखिरी रविवार को लगाते हुए पूरे दो साल हो गए हैं। इस मौके पर मासिक सहयोग देने वाले श्याम प्रेमियों को श्याम बाबा का लॉकेट पहनाकर सम्मानित किया गया। भंडारा में पहुंचे श्याम प्रेमियों ने बाबा के दरबार में माथा टेककर मन्नतें मांगी। श्याम प्रेमियों ने श्याम बाबा के जयकारे लगाए और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में आसपास के अलावा दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्याम प्रेमी पहुंचे। इस मौके पर प्रधान संजीव शर्मा, उपप्रधान कैलाश सैनी, प्रवीण गर्ग, दिनेश रावलवासिया, रजनीश मित्तल, रमेश गुप्ता, सज्जन गुप्ता, विनोद गुप्ता, अनिल सैनी, संजय शर्मा, प्रदीप रुपेला, संरक्षक राधेश्याम आर्य आदि उपस्थित रहे।

## भंडारे में आए 30 हजार से अधिक अमरनाथ यात्री

**हिसार।** शिव सेवक मंडल ट्रस्ट की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ बाबा का 15वां विशाल भंडारा पंथा चौक, श्रीनगर जम्मू कश्मीर में तीन जुलाई से सुचारु रुप से चल रहा है। हिसार के दर्जनों सेवादार अमरनाथ यात्रियों की सेवा में 24 घंटे लगे हुए हैं। मंडल के प्रधान डॉ. महिपाल मुंजाल व सेवादार जगदीश रहेजा ने बताया कि भंडारे में रोजाना लगभग डेढ़ से दो हजार श्रद्धालु भोजन ग्रहण कर रहे हैं। भंडारे में डॉ. महिपाल मुंजाल, रवि मेहता एडवोकेट, डॉ. गौरव मुंजाल, पं. नरेन्द्र शर्मा, राजू सरदाना, गौरव भयाणा, शुभम वलेचा आदि सेवा कर रहे हैं। भंडारे में करीब 30 हजार अमरनाथ यात्री पहुंचे चुके हैं। याद रहे भंडारे की शुरुआत में पंजाबी भवन, सेक्टर 14 से खाद्य सामग्री से भरे दो ट्रकों सहित चार वाहनों को अमरनाथ के लिए रवाना किया गया था। इसके बाद सामग्री के अन्य वाहन भी भेजे गए।

## अभा सेवा संघ 14 को लगाएगा रक्तदान शिविर

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ के सभी सदस्यो की बैठक में अभी तक लगाए गए सेवा प्रोजेक्टों पर चर्चा की गई तथा भविष्य में शहर में लगाये जाने वाले सेवा प्रोजेक्टों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। शाखा अध्यक्ष डॉ. हेमंत आहुजा ने पिछली बार की तरह इस बार भी राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन के जन्मदिन पर 14 अगस्त को महा रक्तदान शिविर लगाने वारे प्रस्ताव रखा, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किया। बैठक में विशेष रुप से राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता, राजेंद्र सपड़ा, जतिन वधवा, संदीप भाटिया, गौरव भाटिया, नरेंद्र ढुल, भूपिंद्र पनिहार व संजय सेहरा, राजेश अरोड़ा (रिंकू) का पटका व बुक्के भेंट करके सम्मानित किया गया।

## स्वच्छता अभियान में 180 से अधिक लोगों ने लिया भाग

**हिसार।** सामाजिक संस्था भागता भारत की ओर से शहर में स्वच्छता और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशाल सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें भागता भारत के नन्हे खिलाड़ी बच्चों ने सबसे बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने स्वयं सफाई कर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों को अपने आसपास साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। यह अभियान दो स्थानों पर चलाया गया। पहली टीम ने सूर्य नगर की गली नंबर 1 से गली नंबर 26 तक सफाई अभियान चलाया, जबकि दूसरी टीम ने शिव कॉलोनी में लॉर्ड वीके हाई स्कूल के सामने, गली नंबर 5 के पीछे नहर के पास फैले कूड़े-कचरे की सफाई की। इस अवसर पर वार्ड नंबर 10 के प्रतिनिधि विजेंद्र बिज्जड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे, वहीं जिंदल हाउस से नोहित ने भी अभियान में भाग लेकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

### सरकारी उदासीनता से किसानों में नाराजगी

# अभी नहीं मिला खरीफ 2025 की फसल क्षति का मुआवजा

### बालसमंद नायब तहसीलदार को दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, चेतावनी भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

खरीफ 2025 की फसल खराबे के बकाया मुआवजे की मांग पर बालसमंद तहसील के किसानों का सब्र अब जवाब देने लगा है। सोमवार को पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन के नेतृत्व में भारी संख्या में किसान बालसमंद तहसील कार्यालय पहुंचे और नायब तहसीलदार धर्म सिंह को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन और बीमा कंपनी की तकनीकी खामी के कारण अटका हुआ मुआवजा जल्द जारी नहीं किया गया, तो वे बड़ा आंदोलन शुरू करने पर मजबूर होंगे। किसान नेताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाते हुए बताया कि खरीफ 2025 में प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों में नुकसान हुआ था, जिसे सरकारी गिरदावरी में भी बाकायदा 50 से 74 प्रतिशत तक दर्ज किया गया है। इसके बावजूद सैकड़ों पात्र किसान आज भी सरकारी मुआवजे से सिर्फ इसलिए वंचित हैं क्योंकि संयुक्त यानी शामिल खाते की जमीनों में एक बड़ा तकनीकी पेंच फंस गया है।



**हिसार।** नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

### बिना किसी देरी के मुआवजा जारी किया जाए

किसानों ने प्रमुखता से मांग उठाई है कि बीमा कंपनी की सूची का सरकार के मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के आंकड़ों से तुरंत मिलान यानी क्रॉस-वेरिफिकेशन कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि बिना बीमा वाले जिन भी किसानों का नुकसान सरकारी गिरदावरी में दर्ज है, उन्हें बिना किसी देरी के मुआवजा जारी किया जाए और इस पूरी प्रक्रिया की एक समयसीमा तय करके जल्द से जल्द राहत प्रदान की जाए। किसान नेताओं ने कहा कि प्रशासन और बीमा कंपनियों की इस कागजी और तकनीकी गलती का खामियाजा गरीब किसान भुगत रहा है, जबकि अगली फसलों की बुवाई सिर पर है और किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहा है।

### सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होंगे किसान

उन्होंने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि इस तकनीकी त्रुटि को जल्द ठीक करके मुआवजा जारी नहीं किया गया, तो क्षेत्र के तमाम किसान शांतिपूर्ण तरीके से कड़े कदम उठाने और सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर 'पगड़ी संभाल जट्टा' संगठन के पदाधिकारियों सहित बालसमंद क्षेत्र के दर्जनों गांवों के प्रभावित किसान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## प्रशासक नियुक्त नहीं हुआ तो 24 से प्रदेशव्यापी आंदोलन : डॉ. सुभाष चंद्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



डॉ. सुभाष चन्द्रा।

पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा ने आर्य समाज हिसार की शैक्षणिक संस्थाओं में 700 से 800 करोड़ के कथित भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यदि 23 जुलाई तक सरकार द्वारा संस्था के लिए प्रशासक नियुक्त नहीं किया गया तो 24 जुलाई से पूरे हरियाणा में जन आंदोलन शुरू किया जाएगा। डॉ. सुभाष चंद्रा ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आर्य समाज ने समाज सुधार, शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह और वैदिक परंपराओं के प्रचार-प्रसार में ऐतिहासिक योगदान दिया है। हिसार का 108 वर्ष पुराना आर्य समाज स्कूल इसकी सबसे बड़ी पहचान है, जिसने देश को 48 से अधिक आईएएस अधिकारी सहित अनेक प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी दिए हैं।

### मामला अदालत में

कुछ समय पहले छात्रों की संख्या कम होने पर सीएवी स्कूल के सीनियर सेकेंडरी विंग को बंद किया गया था। मामला अदालत में है। कुछ लोगों ने कई तरह की शिकायतें की हुई हैं। वकीलों से बातचीत के बाद बता पाएंगे कि आगे क्या कर सकते हैं। जरूरत पड़ी तो सभा की बैठक बुलाएंगे। **-देवेंद्र सैनी, प्रधान, आर्य समाज नागोरी गेट, हिसार**

## कुलपति ने शोधार्थियों को सौंपे शोध परियोजनाओं के स्वीकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विव के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि शिक्षक की पहचान शोध से ही बनती है। गुजवि में उच्चस्तरीय शोध की परम्परा है। यही कारण है कि विवि के शिक्षकों व शोधार्थियों को हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद से प्रदेश में सर्वाधिक 19 शोध प्रोजेक्ट मिले हैं। कुलपति ने सोमवार को विवि के कमेटी हॉल में शोध परियोजनाएं प्राप्त करने वाले शोधार्थियों को शोध प्रोजेक्ट स्वीकृति पत्र सौंपे। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव डा. विजय कुमार, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा, प्रो स्नेहलता, प्रो. सुजाता सांघी व प्रो. अलका शर्मा उपस्थित रहे। कुलपति ने इन शोध प्रोजेक्ट स्वीकृतियों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश शोध में देशभर में अग्रणी पहचान बना रहा है।

## हरियाणा रोडवेज में 180 से अधिक सब इंस्पेक्टर बने इंस्पेक्टर, आदेश जारी

**हिसार।** हरियाणा राज्य परिवहन विभाग ने बड़े स्तर पर पदोन्नति आदेश जारी करते हुए 180 से अधिक सब इंस्पेक्टरों को इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया है। परिवहन विभाग के निदेशक वीरेंद्र कुमार दहिया द्वारा जारी आदेशों के अनुसार सभी पदोन्नत अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई जिम्मेदारियां संभालने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग की ओर से सोमवार को जारी सूची के अनुसार पदोन्नत अधिकारियों की विभिन्न डिपो में नियुक्ति की गई है। हिसार डिपो के सब इंस्पेक्टर सत्यवान को पदोन्नत कर हिसार डिपो में ही इंस्पेक्टर बनाया गया है। हिसार के पवन कुमार को भिवानी तथा दशरथ सिंह को सिरसा डिपो में इंस्पेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सोनीपत, अंबाला, करनाल, फतेहाबाद, जींद, कुरुक्षेत्र, पलवल, झज्जर, रोहतक, भिवानी, रेवाड़ी, पंचकूला और चरखी दादरी सहित विभिन्न डिपो के अधिकारियों को भी पदोन्नति का लाभ मिला है।

## अतिक्रमण पर निगम ने किया 14 दुकानदारों का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन ने सोमवार को बड़े स्तर पर कार्रवाई की। टीम ने अलग-अलग स्थानों पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 16 दुकानदारों को सामान जब्त कर लिया। निगम प्रशासन को कहना है कि अतिक्रमण के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अभियान का उद्देश्य मुख्य सड़कों और बाजारों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना तथा लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाना है। नगर निगम की टीम ने रेलवे रोड, बालसमंद रोड और एचएयू गेट नंबर-4 से पारिजात चौक तक अतिक्रमण हटाया।

## लूट के मामले में एक युवक को किया काबू

**नारनौंद।** गांव खांडा खेड़ी से धर्मखेड़ी सड़क मार्ग पर एक युवक से मारपीट कर मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन छीनकर फरार होने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित युवक को काबू किया है। आरोपी युवक की पहचान इगराह निवासी कुलवंत के रूप में हुई हैं। आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया हैं। रिमांड के पुलिस आरोपित युवक से वारदात में शामिल अन्य दो युवकों की पहचान ओर मोटरसाइल सहित मोबाइल फोन बरामद करने का प्रयास करेगी। बता दें कि धर्मखेड़ी निवासी दीपक ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि वह 18 जुलाई की रात को दवाई लेने के लिए मोटरसाइकिल पर अपने घर से गांव खांडा खेड़ी में गया था।

## ऑनलाइन 3.86 लाख की ठगी मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** साइबर थाना हांसी पुलिस ने 3.86 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले में पांचवें आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की 50 हजार रुपये की राशि भी बरामद की है। सहायक उप निरीक्षक सज्जन कुमार ने बताया कि हिसार जिले के गांव उमरा निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पिता ने सोशल मीडिया पर चीनी खरीदने का विज्ञापन देखकर संपर्क किया। खुद को शुगर मिल का एजेंट बताने वाले ठग ने अग्रिम भुगतान के नाम पर अलग-अलग चरणों में 3,86,900 रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लिए। तय समय पर चीनी की आपूर्ति नहीं होने पर पीड़ित को अपने साथ ठगी होने का पता चला। शिकायत के आधार पर साइबर थाना हांसी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## अवैध देसी शराब की 12 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** सदर थाना हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 12 बोतल अवैध देसी शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी पर थे। सूचना मिली कि गांव सिसाय कालीरामण निवासी संजय अवैध देसी शराब लेकर गांव गगनखेड़ी की ओर जा रहा है। पुलिस टीम ने सिसाय-गगनखेड़ी रोड पर नाकाबंदी कर एक व्यक्ति को रोक शक के आधार रोक कर उसके कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें से 12 बोतल ठेका देसी शराब बरामद हुई।

## कबड्डी में हांसी मॉडल घिराय की टीम रही प्रथम

**हांसी।** हांसी प्रथम खंड स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का 20 से 23 जुलाई तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, उमरा में आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के प्रथम दिन अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी, बास्केटबॉल, नेटबॉल, सॉफ्टबॉल, खो-खो, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। अंडर-19 कबड्डी वर्ग में हांसी मॉडल घिराय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि एस.डी. स्कूल धाना खुर्द की टीम उपविजेता रही। अंडर-17 कबड्डी वर्ग में जीजीएसएसएस घिराय ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं जीएसएसएस धाना कलां की टीम दूसरे स्थान पर रही। अंडर-14 कबड्डी वर्ग में एसडी कन्या गुरुकुल घिराय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि एसडी. ढाणा खुर्द की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

## गोभक्त स्व. नंदकिशोर गोयनका को श्रद्धांजलि देने उमड़ा पैतृक गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



आदमपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव सदलपुर से सोमवार को सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष हिसार स्थित गोयंका सदन पहुंचे। ग्रामीणों ने यहाँ पहुंचकर परम गोभक्त स्वर्गीय नंदकिशोर गोयंका जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि गांव सदलपुर स्वर्गीय नंदकिशोर गोयंका जी की जन्मभूमि है, जिसके चलते पूरे गांव में शोक की लहर है।

इस भावुक क्षण में ग्रामीणों ने राज्यसभा के पूर्व सांसद और एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। ग्रामीणों ने कहा कि गोयंका जी का जाना समाज और विशेषकर उनके पैतृक गांव के लिए एक ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। शोक प्रकट करने आए सदलपुर के सरपंच और मौजिज ग्रामीणों ने कहा कि गोयनका जी का व्यक्तित्व बहुत विशाल था। उनका अपने पैतृक गांव और गौशालाओं से बेहद गहरा व आत्मीय लगाव था। उन्होंने गांव के विकास के लिए हमेशा बढ़-चढ़कर योगदान दिया। ग्रामीणों की इच्छा है कि गोयनका जी की यादें गांव में हमेशा जीवंत रहें। इसके लिए ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से गांव में उनके नाम पर एक भव्य यादगार (स्मारक या संस्थान) बनाने का निर्णय लिया है, जिसके लिए ढाई एकड़ जमीन भी चिह्नित कर ली गई है। गोयनका सदन पहुंचे ग्रामीणों का कहना था कि हमें इस बात का बहुत फक्र है और हम बड़े गर्व से कहते हैं कि गौभक्त नंदकिशोर गोयनका हमारे गांव सदलपुर की माटी के लाल थे। गांव के एक-एक व्यक्ति से उनका अगाध प्रेम था। इस मौके पर गोयनका सदन का माहौल बेहद गमगीन और भावुक हो गया जब गांव से आई बुजुर्ग महिलाओं ने पारंपरिक शोक गीत और 'हर्जस' (भजन/लोकगीत) गाकर गोयनका जी के अच्छे कर्मों को याद किया और अपनी अश्रुपूरित संवेदनाएं प्रकट कीं। इस दौरान भारी संख्या में सदलपुर गांव के मौजिज पुरुष, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। इस मौके पर सदरपुर गांव के सरपंच नाथूराम पूर्व सरपंच हंसराज जादू दा, सहदेव, कालीरावणा,कालू पंडित सहित काफी लोग उपस्थित थे।हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर हिसार स्थित गोयनका सदन पहुंचे, जहां उन्होंने स्वर्गीय नंद किशोर गोयनका जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भिवानी जिला जेल में कैदी सीख रहे रेस्टोरेंट मैनेजमेंट के गुण

**हिसार।** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय और डिसट्रिक्ट लीगल सर्विसेस ऑथोरिटी (डीएलएसए), भिवानी के बीच एक अत्यंत महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इस समझौते के तहत ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के सहयोग से एक विशेष मानवीय व सुधारात्मक कदम उठाते हुए जिला जेल भिवानी में बंद कैदियों के लिए 'पाक कला एंड रेस्टोरेंट मैनेजमेंट' विषय से संबंधित एक विशेष साप्ताहिक कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया जिसमें लगभग कारागार के 60 बंदियों ने भाग लिया। इस अनूठी पहल का मुख्य उद्देश्य जेल में बंद कैदियों को आत्मनिर्भर बनाना, उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना और कारावास की अवधि के दौरान उनके कौशल का विकास करना है ताकि रिहाई के बाद वे समाज में सम्मानजनक आजीविका कमा सकें। गत दिवस विश्वविद्यालय द्वारा इस तरह की कार्यशाला हिसार जेल में भी आयोजित कि गई थी। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने अपने संदेश में कहा कि विश्वविद्यालय का यह कदम समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। जेल के कैदियों को पेशेवर कौशल प्रदान करना उन्हें भविष्य में एक नई और सकारात्मक शुरुआत करने का हौसला देगा। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. गगनदीप कौर सिंह और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

**न्यूज डायरी**



## रोघी खाप ने एसपी को किया सम्मानित

**हांसी।** पानी की मांग को लेकर चानौत में चले 62 दिनों में धरने के दौरान जिले में कानून व्यवस्था को प्रभावी एवं शांतिपूर्ण ढंग से बनाए रखने पर रोघी खाप के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा हांसी पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। रोघी खाप के प्रतिनिधियों ने कहा कि धरने के दौरान हांसी पुलिस ने पूरी सूझबूझ, धैर्य और पेशेवर तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभाई। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और क्षेत्र में शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। उन्होंने पुलिस के संयमित, निष्पक्ष और संवेदनशील रवैये की प्रशंसा करते हुए कहा कि हांसी पुलिस ने जनहित और कानून व्यवस्था के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने रोघी खाप के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## जल निकासी को लेकर चल रहा धरना खत्म

**हांसी।** शहर में जलभराव, दूषित पेयजल, सीवरेज जाम और लगातार बिजली कटौती जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर चल रहा धरना सोमवार को प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच सहमति बनने के बाद समाप्त हो गया। एसडीएम राजेश खोथ ने भूख हड़ताल पर बैठे सन्नी एलहावादी व अन्य को जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया। प्रशासन ने शहर की समस्याओं के तात्कालिक समाधान के साथ-साथ स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना लागू करने का भरोसा दिलाया। धरना समाप्त होने से पूर्व प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई विस्तृत बैठक में जल निकासी, पेयजल व्यवस्था, सीवरेज, बिजली आपूर्ति, ट्रैफिक प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में लिए गए निर्णयों के तहत संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए तथा कार्यों की नियमित निगरानी का आश्वासन दिया गया।

## डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**हांसी।** खरड़ रोड स्थित अंबेडकर कॉलोनी में डॉ. भीमराव अंबेडकर युवा सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधायक विनोद भयाना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भयाना ने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक आज जिस लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने अधिकारों का उपयोग कर रहा है, वह बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की देन है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। इस दौरान समिति ने विधायक के समक्ष अंबेडकर कॉलोनी की गलियों का निर्माण, सीवरेज व्यवस्था में सुधार, नियमित सफाई, खरड़ की ओर कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर स्वागत द्वार बनाने तथा खरड़ चुंगी से बाईपास तक सड़क का नाम डॉ. भीमराव अंबेडकर मार्ग रखने की मांग रखी। विधायक ने सभी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए विकास कार्यों के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में समिति समिति के प्रधान कृष्ण कुमार, उपप्रधान अमीचंद चिनियां, खजांची सतीश कुमार चिनियां, महासचिव दरिया सिंह, राजेश चिनियां, सुरेश चिनियां, सुरेंद्र चिनियां, सोनू कमांडो, बिल्लू चिनियां, कुलदीप सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## तिरुपति धाम में निकली सवारी शोभा यात्रा

**हिसार।** आस्था व अध्यात्म के पर्याय श्री तिरुपति बालाजी धाम में लगातार तीन दिन सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इन शोभा यात्राओं में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और अपने इष्ट की आराधना करते हुए आस्था व्यक्त की। पहले दिन भगवान वेंकटेश, दूसरे दिन माता गोदांबा और तीसरे दिन माता पदमावती की सवारी निकाली गई। अर्चकों ने पहले दिन पूरे विधि-विधान से भगवान वेंकटेश का महाभिषेक किया और पूजा-अर्चना करते हुए मंत्रोच्चारण के साथ भगवान वेंकटेश के विग्रह को रथ पर स्थापित पालकी में विराजमान किया। इसी भांति दूसरे दिन रथ पर स्थापित पालकी में माता गोदांबा के विग्रह को और तीसरे दिन माता पदमावती के विग्रह को शोभायमान किया गया। विशेष बात यह रही कि तीनों दिन श्रद्धालुओं ने रथ को रस्सों से खींचकर तिरुपति धाम की परिक्रमा की।





## 'भर गया जब खिलाड़ी का मन खेल से, कोई चौसर बिछी की बिछी रह गई'

**हिसार।** राष्ट्रीय कवि संगम हिसार इकाई द्वारा जिला पुस्तकालय हिसार में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी में इकाई के संरक्षक तिलक जैन और मार्गदर्शक डॉ चंद्रशेखर की उपस्थिति रही। इकाई के अध्यक्ष नीरज कुमार मनचंदा ने काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता एवं कुशल मंच संचालन भी किया। गोष्ठी का शुभारंभ कवयित्री पूनम मनचंदा द्वारा माँ शारदे की सस्वर स्तुति से किया गया। कवि कृष्ण आर्य ने अपनी सस्वर रचना 'गीतों में जिसके हो सावन, जो हर्षित करता हो तन मन ' सुनाकर सभी की तालियां पाई। कवि जगदीश श्योराण ने पानी पर अपनी रचना 'सदा सदा तुम बहते रहना' प्रस्तुत की। कवयित्री डॉ. सुनीता जनावा ने अपनी रचना 'मन के भीतर एक मौसम ठहरा है' सुनाकर सभी का दिल जीत लिया। गजलकार बलजीत सिंह 'बेनाम' ने अपनी ग़ज़ल 'भर गया जब खिलाड़ी का मन खेल से,कोई चौसर बिछी की बिछी रह गई' सुनाकर सभी की सराहना पाई। इस मौके पर कवि डॉ. दीपक कुमार 'दीप' , कवयित्री नीरज सोरखी, कवि राजकुमार सुखीजा, डॉ राजेश सरदाना 'जीवन्त', कवयित्री पूनम मनचंदा, पीपी शर्मा, रिया नागपाल, दीपक प्रताप, डॉ चन्द्र शेखर, ग़ज़लकार नीरज कुमार मनचंदा, कवि तिलक जैन आदि ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।



## गौरव मुनि व राम विनीत मुनि का चातुर्मास शुरू

**हिसार।** श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा, पीएलए में परम पूज्य आचार्य भगवान 1008 श्री रामलाल महाराज के आज्ञानुवर्ती, शासन दीपक पूज्य श्री गौरव मुनि महाराज एवं पूज्य श्री राम विनीत मुनि महाराज (ठाणा-2) का चातुर्मास के लिए शुभ मंगल प्रवेश अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर सभा के अध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन, महामंत्री नवीन जैन, कोषाध्यक्ष राकेश जैन, भरत राम जैन, दर्शन जैन, लखपत जैन, आरके जैन, मुकेश जैन, विजय जैन, आलोक जैन, दीपक जैन, मुकंदीलाल जैन, कल्पना जैन, सविता जैन, संतोष जैन, नीतू जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना मामले में ट्रक चालक गिरफ्तार

**नारनौंद।** करीब एक सप्ताह पहले सड़क हादसे में एक युवक की मौत मामले में पुलिस चौकी सोरखी ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। एएसआई रवि कुमार ने बताया कि 16 जुलाई को पुलिस चौकी सोरखी में सूचना मिली थी कि एक सड़क दुर्घटना में घायल युवक को सिविल अस्पताल हांसी लाया गया था। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान विकास निवासी गांव निगाना खुर्द, जिला भिवानी के रूप में हुई थी। मृतक के भाई निरंजन की शिकायत पर थाना बास में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि ट्रक चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार विकास की बाइक को टक्कर मार दी।

**खबर संक्षेप**

## पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की ग्रामीण ब्रांच का प्रतिनिधिमंडल ब्रांच प्रधान सुशील कुमार खुंडिया के नेतृत्व में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर-1 के कार्यकारी अभियंता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न लंबित मांगों और समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। ब्रांच प्रधान सुशील कुमार खुंडिया ने बताया कि कार्यकारी अभियंता के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता हुई। इस दौरान उन्होंने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पोर्टल पर दर्ज डाटा की त्रुटियां दूर कर उसे शीघ्र अपलोड करने की मांग रखी।

## रक्तदान शिविर में 75 यूनिट रक्त एकत्रित

**हिसार।** समृद्ध भारत परिषद द्वारा ऋषि नगर स्थित विकलांग केंद्र में रक्तदान शिविर लगाया गया। संस्था के प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि शिविर में 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सचिव डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा मन को शांति मिलती है। प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि शिविर में दो आंखों के आप्रेशन भी संस्था द्वारा करवाये गये।

## दिव्यांग केंद्र में निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

**हिसार।** हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में प्रति सप्ताह दो दिन जरूरतमंद मरीजों के निशुल्क मोतियाबिंद (कैटरेक्ट) ऑपरेशन नियमित रूप से किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 21 जुलाई को रोटरी सुपर वुमन चैंपियंस क्लब के सहयोग से शिविर लगाकर जरूरतमंद व्यक्तियों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाएंगे। इस अवसर पर क्लब की प्रेसिडेंट मीनू गुप्ता अपने क्लब के सदस्यों के साथ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में उपस्थित रहेगी। इसके अलावा 24 जुलाई भी को मरीजों के ऑपरेशन निर्धारित हैं जिसके लिए निशुल्क पंजीकरण जारी हैं।

## ब्राह्मण सभा ने गोयनका के निधन पर जताया शोक

**हिसार।** जिला ब्राह्मण धर्मशाला, जहाज पुल में रविवार को जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान रतनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गई। सभा में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एक्सेल ग्रुप के चेयरमैन सुभाष चंद्रा के पिता, प्रख्यात गोसेवक एवं समाजसेवी स्वर्गीय नंद किशोर गोयनका के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। सभा के प्रधान रतनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय नंद किशोर गोयनका ने जीवनभर सेवा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल कायम की। इस अवसर पर उप-प्रधान छाजूराम शर्मा, कार्यकारी महासचिव शिवशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष कुलभूषण शर्मा, जयप्रकाश पारीक, राजेश सिसाय, जगत शर्मा, देशबंधु कौशिक, सुशील शर्मा, गगन शर्मा आदि रहे।

### समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों ने सुनीं आमजन की शिकायतें

# गांव पातन में तालाब और फिरनी पर कब्जे, डीसी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर निपटारा किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर सोमवार को लघु सचिवालय परिसर में उपायुक्त महेंद्र पाल ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की। शिविर में आई अधिकांश शिकायतों का मौके पर निपटारा किया गया। समाधान शिविर में सैनियान मोहल्ला निवासी नीलम द्वारा एक प्रॉपर्टी डीलर पर धोखाधड़ी का मामला एवं पैसे ऐंठने की शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर आगामी कार्यवाही करने को कहा। गांव पात्तन निवासी सूबे सिंह द्वारा गांव के तालाब व फिरनी की जमीन पर गांव के कुछ लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे की शिकायत पर उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मौका मुआयना कर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



**हिसार।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### सरपंच पर धांधली का आरोप

इसी प्रकार गांव सीसवाल निवासी लक्ष्मी ने ग्राम पंचायत के कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायत तथा ग्राम पंचायत मोडाखेड़ा के एक प्रार्थी द्वारा सरपंच पर विकास कार्यों में धांधली और पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर उपायुक्त ने डीडीपीओ को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। गांव खरक पुनिया निवासी एक प्रार्थी द्वारा कीटनाशक दवाइयों में मिलावट व नकली प्रोडक्ट बेचने की शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने कृषि विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने की हिदायत दी।

### बरसाती पानी की निकासी में किसी प्रकार की बाधा न आए



**हांसी।** बरसात के मौसम को देखते हुए जिले में वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नालों, ड्रेनों तथा जल निकासी व्यवस्था से जुड़े सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूर्ण करें और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखें। यह बातें डीसी राहुल नरवाल सोमवार को जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते समय यह निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय सीमा में प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। समाधान शिविर के दौरान हांसी में रह रही रेवाड़ी निवासी मुकेश कुमारी ने परिवार पहचान पत्र में आय संबंधी त्रुटि को ठीक करवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

## स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर नगर निगम सख्त काटे आठ चालान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को निरीक्षण के दौरान एएसआई विजेता ने सेक्टर 14 में पीजी में रहने वालों के द्वारा खुले में कचरा डालने पर पीजी का 5 हजार रुपये का चालान किया। एएसआई विजेता ने रेड स्क्वेयर मार्केट व रामपूरा मोहल्ला में पांच दुकानदारों के द्वारा खुले में कचरा डालने पर 500-500 रूपये के चार चालान किए। इसके साथ ही एक रेहड़ी संचालक के द्वारा कचरा सैग्रीगेशन न करने पर 200 रूपये का चालान किया गया। इसके साथ आईटीआई चौक पर सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू, आईईसी एक्सपर्ट हरिराम गुर्जर ने दो दुकानदार के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करते पाएं जाने पर 500-500 रूपये के दो चालान किए। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



**हिसार।** वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे पर हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## स्किल डेवलपमेंट विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर करने का सशक्त माध्यम : आर.एस. सिंधु

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे के अवसर पर एक प्रेरणादायक असेंबली प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉर्निंग प्रेयर से हुआ, जिसके बाद थॉट ऑफ द डे, न्यूज़ हेडलाइंस और वर्ल्ड यूथ स्किल्स डे की थीम पर विद्यार्थियों ने कम्युनिकेशन, टीमवर्क, डिजिटल लिटरेसी, क्रिटिकल थिंकिंग और प्रॉब्लम सॉल्विंग जैसी आवश्यक स्किल्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों ने स्किल्स प्लेज, प्रेरणादायक विचारों और रियल-लाइफ एग्जाम्पल्स के माध्यम से निरंतर सीखने और नई क्षमताओं को विकसित करने का संदेश दिया। चेतन्य, दिव्यांशी, वैभव, खुशी, आदित्य, योगी, सानवी, अंश नेहरा, छवि झगड़ा, केंजल, सक्षम एवं करण ने प्रार्थना, न्यूज़ रीडिंग, स्पीच, स्किट, एंकरिंग और अन्य प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर आर.एस. सिंधु ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, रचनात्मक और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने का सशक्त माध्यम है।

## त्रिकोना पार्क से चोरी हुई कार बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने त्रिकोना पार्क क्षेत्र से चोरी हुई कार को बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विकास ने बताया कि इस संबंध में विद्युत नगर निवासी अभिषेक ने शिकायत दी थी कि उसकी सफेद रंग की स्विफ्ट कार दिल्ली रोड स्थित निरंकारी भवन रोड के पास तिकोना पार्क क्षेत्र से चोरी हो गई है। शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए मुख्य सिपाही विजय कुमार ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया तथा अन्य तकनीकी व गोपनीय स्त्रोतों की सहायता से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जींद जिले के दरियावाला निवासी विशाल उर्फ रिशाला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई कार को दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में बरामद कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कार चोरी करने के बाद डाबड़ा चौक के पास उसका एक्सीडेंट हो गया था। आरोपी ने यह भी बताया कि वह हिसार में टैक्सी चलाने का कार्य करता है।

**निशानदेही पर चोरी की गई कार को दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में किया बरामद**



**हिसार।** शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विज्डम स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम साहित्यिक प्रतियोगिता में तीन पदक जीते

**हिसार।** साउथ बाईपास स्थित विज्डम स्कूल के विद्यार्थियों ने सीआईएससीई जोनल साहित्यिक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता आदर्श पब्लिक स्कूल, करनाल में आयोजित की गई, जिसमें सीआईएससीई बोर्ड से संबद्ध विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विज्डम स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन रजत पदक अपने नाम किए। अर्शिया ने स्टोरी नैरेशन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दक्ष ने क्रिएटिव राइटिंग (जूनियर वर्ग) में द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कादंबरी ने क्रिएटिव राइटिंग (सब-जूनियर वर्ग) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्राचार्या नीलम पिलानिया ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि साहित्यिक प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की भाषा दक्षता, कल्पनाशक्ति, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति कौशल को निखारने का सशक्त माध्यम हैं।

## बुगाना की सड़क परियोजना का कार्य जल्द होगा पूरा

**हिसार।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि बरवाला खंड के गांव बुगाना में सड़क निर्माण (फिरनी) परियोजना जल्द ही पूरा किया जाएगा। हरियाणा ग्रामीण विकास निधि प्रशासन बोर्ड ने पूर्व में निरस्त की गई इस परियोजना को पुनः बहाल कर दिया है। उन्होंने बताया कि गांव बुगाना में मुख्य बस स्टैंड से राजकीय विद्यालय तक इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक फिरनी निर्माण के लिए 61.27 लाख रुपये की स्वीकृति पूर्व की शर्तों के अनुरूप ही दे दी गई है। इससे ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी तथा जनहित से जुड़े प्रत्येक कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव बुगाना की यह परियोजना लंबे समय से ग्रामीणों की महत्वपूर्ण मांग थी। अब इसकी स्वीकृति बहाल होने से निर्माण कार्य शीघ्र गति से आगे बढ़ेगा और ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# जनता की ताकत से मिला पद, सेवा के लिए 24 घंटे खुले हैं दरवाजे : रवि सैनी

- मोहल्ला सैनियान में चेयरमैन रवि सैनी का नागरिक अभिनंदन, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा वन विकास निगम के नवनियुक्त चेयरमैन रवि सैनी का रविवार शाम मोहल्ला सैनियान में क्षेत्रवासियों द्वारा गर्मजोशी और उत्साह के साथ नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान समाज के लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए चेयरमैन रवि सैनी भावुक और आत्मविश्वास से भरे नजर आए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार ने मुझे जो चेयरमैन का दायित्व सौंपा है, वह कोई पद नहीं बल्कि आपकी सेवा करने का माध्यम है। आज मैं जो कुछ भी हूं, वह आपकी सामूहिक ताकत का नतीजा है। प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में आप सभी ने जो एकजुटता दिखाई, सरकार ने मुझे यह जिम्मेदारी देकर उसी का मान बढ़ाया है। कार्यक्रम का आयोजन महाबीर खेड़ा वाले, राजेंद्र सैनी खेड़ा वाले, जवाहर सैनी, सुरेंद्र सैनी, मोनू सैनी व उनकी टीम द्वारा किया गया। इस मौके पर 'श्री रामलला मित्र मंडली' के सदस्यों ने नवनियुक्त चेयरमैन रवि सैनी को भगवान श्रीराम की भव्य तस्वीर भेंट कर उनका विशेष सम्मान किया। समारोह में एडवोकेट सुरेंद्र शर्मा व एडवोकेट मीनू शर्मा ने चेयरमैन को फारसा भेंट किया।



**हिसार।** चेयरमैन को श्रीराम की तस्वीर भेंट करते श्री रामलला मित्र मंडली के सदस्य।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, डीएन सैनी, रत्न सैनी, पार्षद रवि सैनी जमालपुरिया, कृष्ण खटाना, शिवकुमार सैनी, सुंदर सैनी, रमेश सैनी, मोनू सैनी, मुकेश सैनी, तोताराम सैनी, चंद्रभान सैनी, कृष्ण तसीड़, पूर्व पार्षद शंकर सैनी, मोहन लाल सैनी, महाबीर सैनी, अजीत सैनी, पवन सैनी चौटाला, रामचंद्र सैनी, कृष्ण सैनी धांसू वाले, ईश्वर माटा, चिराग सैनी, विक्रम सैनी, राजेंद्र सैनी, महेंद्र सैनी, जोनी सैनी, ओमप्रकाश बजाज, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## ट्रैफिक पुलिस ने की विशेष कार्रवाई, 527 वाहनों के चालान किए

**हिसार।** जिले भर में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के चालान किए गए तथा उन्हें यातायात नियमों की पालना करने के लिए जागरूक भी किया गया। इस अभियान के दौरान जिला पुलिस ने अलग अलग स्थानो पर अभियान चलाकर नियमो की पालना न करने पर 527 वाहनो के चालान किए। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना, सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाना, गलत दिशा में वाहन चलाना तथा शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि स्वयं एवं अन्य लोगों के जीवन को भी खतरे में डालता है।

# 55 में से कॉलेजियम नंबर-1 पर नहीं मिला कोई प्रत्याशी, 44 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

- संत कबीर शिक्षा समिति के कॉलेजियम के चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न : डॉ. आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

संत कबीर शिक्षा समिति के चुनावों के तहत कॉलेजियम चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। कुल 55 कॉलेजियम में से कॉलेजियम नंबर 1 से कोई भी अभ्यर्थी सामने नहीं आया। वहीं कॉलेजियम नंबर 6 और 44 पर अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने के बाद वहां चुनाव की आवश्यकता नहीं रही। इस प्रकार से कुल 44 कॉलेजियम पर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित किए गए।

यह जानकारी देते हुए रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. रमेश आर्य ने बताया कि कुल 10 कॉलेजियम पर चुनाव करवाया गया। इनमें कॉलेजियम नंबर 3 से अंजू रानी, कॉलेजियम नंबर 25 से रामनिवास, कॉलेजियम नंबर 27 से राकेश खटक, कॉलेजियम नंबर 29 से विजय, कॉलेजियम नंबर 30 से रामकेश, कॉलेजियम नंबर 31 से वजीर सिंह, कॉलेजियम नंबर 33 से अमन कुमार, कॉलेजियम नंबर 35 से विजय पाल, कॉलेजियम नंबर 49 से मुकेश कुमार तथा कॉलेजियम नंबर 55 से सुनील कुमार को विजयी घोषित किया गया। चुनाव परिणामों में कॉलेजियम नंबर 29 से विजयी उम्मीदवार विजय ने सबसे अधिक मतों से जीत दर्ज की। कॉलेजियम संख्या 35 में रामचंद्र तथा विजय पाल ने बराबर बराबर वोट प्राप्त करके अपनी ताकत का एहसास कराया और टॉस के माध्यम से विजयपाल को विजयी अभ्यर्थी घोषित किया गया। सभी मेंबर्स की चुनाव प्रक्रिया के प्रति जागरूकता तथा पोलिंग पार्टी की कार्य कुशलता के कारण एक भी वोट कैंसिल नहीं हुआ।



**हिसार।** कॉलेजियम चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. रमेश आर्य व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एआरओ राजबीर सिंह ग्रोव, रघुबीर सिंह जांगड़ा, रोहतास छाछिया, बलराज सिंह चौहान, रोहतास बड़गुजर, रतन बड़गुजर, जोगीराम खुंडिया, कैप्टन तुला राम, सचिन सहित अन्य पदाधिकारी, अभ्यर्थी अर्जेंटस तथा सदस्यगण मौजूद रहे।

## एबीवीपी ने 'फ्रेशर्स वेलकम' पोस्टर का किया विमोचन



**हिसार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय इकाई की ओर से नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए 'फ्रेशर्स वेलकम' पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर के माध्यम से विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें एक सकारात्मक, सुरक्षित एवं प्रेरणादायी शैक्षणिक वातावरण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अभाविप जीजेयू अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रांत सोशल मीडिया संयोजक कमलदीप अत्री ने कहा कि अभाविप का प्रत्येक कार्यकर्ता नवप्रवेशी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिवार का अभिन्न सदस्य मानते हुए उनके साथ हर कदम पर खड़ा रहता है। इस मौके पर अभाविप जीजेयू इकाई मंत्री निकुंज, अजय ढांडा, कुलविंदर, तरुण जांगड़ा, प्रेरणा मारवाह, मोहित शर्मा, सौरभ एवं लोकेश उपस्थित रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### किसानों के लिए वरदान बना एचएयू का फ्रूट फ्लाई ट्रैप

# मक्खी से बचेंगी फल-सब्जियों की फसलें

*70 प्रतिशत तक नुकसान करने वाली फल मक्खी पर प्रभावी नियंत्रण का दावा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित फ्रूट फ्लाई ट्रैप फलदार फसलों और सब्जियों में भारी नुकसान पहुंचाने वाली फल मक्खी (फ्रूट फ्लाई) के नियंत्रण में बेहद प्रभावी साबित हो रहा है। वर्षा ऋतु में फल मक्खी का प्रकोप तेजी से बढ़ जाता है, जिससे अमरूद, किन्नू, नाशपाती, आड़ू, आलूबुखारा और आम जैसी फलदार फसलों में 70 प्रतिशत तक नुकसान हो सकता है, वहीं घीया, तोरी, खीरा, करेला, तरबूज, खरबूजा और कद्दू वर्गीय सब्जियां भी इसकी चपेट में आ जाती हैं। एचएयू के कीट विज्ञान विभाग द्वारा विकसित फ्रूट फ्लाई ट्रैप इस कीट के एकीकृत प्रबंधन का प्रभावी और वैज्ञानिक समाधान है। मादा फल मक्खी फलों की ऊपरी सतह के नीचे अंडे देती है, जिनसे निकलने वाले सफेद रंग के लार्वा फल के अंदर रहकर उसे सड़ा देते हैं। चूंकि कीट फल के भीतर रहता है, इसलिए सामान्य कीटनाशकों का प्रभाव सीमित रहता है। ऐसे में ट्रैप जैसी तकनीक अपनाकर इसके प्रजनन चक्र को रोकना अधिक कारगर साबित होता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने किसानों को सलाह दी कि संक्रमित फलों को प्रतिदिन अथवा एक दिन छोड़कर एकत्रित कर कम से कम दो फीट गहरे गड्ढे में दबा दें।



**हिसार।** एचएयू द्वारा विकसित फ्रूट फ्लाई ट्रैप। फल मक्खी, जिसके नियंत्रण के लिए ट्रैप बनाया गया है। *फोटो : हरिभूमि*

### कीमत 130 रुपये प्रति ट्रैप निर्धारित

कीट विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. सुनीता यादव का कहना है कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित फ्रूट फ्लाई ट्रैप की कीमत 130 रुपये प्रति ट्रैप निर्धारित की गई है। किसानों को प्रति एकड़ 12 से 14 ट्रैप लगाने की सिफारिश की गई है। ट्रैप में लगा आकर्षक पदार्थ (सैप्टा) लगभग 30 दिन तक प्रभावी रहता है, इसलिए 30 से 35 दिन बाद इसे दोबारा चार्ज करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसान यह ट्रैप कीट विज्ञान विभाग, हकृवि से प्राप्त कर सकते हैं।



**हिसार।** पूर्व छात्र मिलन समारोह में 1999 बैच के छात्र अपने गुरुजनों के साथ।

## 27 वर्षों बाद पीजीएसडी स्कूल के 1999 बैच का हुआ पूर्व छात्र मिलन समारोह

**हिसार।** पीजीएसडी हाई स्कूल से वर्ष 1999 में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों का 27 वर्षों बाद भव्य पूर्व छात्र मिलन समारोह पीजीएसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल परिसर में अत्यंत उत्साह, आत्मीयता एवं भावनात्मक वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन की ओर से बजरंग दास गर्ग, अध्यक्ष, सुरेन्द्र सिंगला सचिव, ओम प्रकाश असीजा प्रबंधक, सत्येन्द्र गोयल प्राचार्य, पीजीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गंगा प्रसाद मौर्य मुख्याध्यापक, पीजीएसडी हाई स्कूल, अनीता गर्ग मुख्याध्यापिका, पीजीएसडी जूनियर स्कूल तथा सुनीता देवी मुख्याध्यापिका विशेष रुप से उपस्थित रहे। समारोह की सबसे भावुक घड़ी तब रही, जब वर्ष 1999 बैच के विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर सतीश जैन, बाबूलाल मौर्य, संजीव मिश्रा, महावीर सिंह नैन, राजपाल शास्त्री, रविन्द्र सर, पंकज शर्मा, रंजना कक्कड़, सुमन चावला, वंदना, तथा गुलाब सिंह राणा क्लर्क के साथ ही उस समय विद्यालय में सेवाएं देने वाले उमेद एवं मनोहर भी समारोह में शामिल हुए, जिनसे मिलकर सभी पूर्व छात्र भावुक हो उठे। इस अवसर पर पवन गर्ग ने मंच संचालन किया। समारोह में वर्ष 1999 बैच की छात्राओं बिंदु, नीतू सैनी, प्रो. भावना शर्मा, उमा भारती, ज्योति बांगा सहित अन्य छात्राएं तथा बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित रहे।